Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण म
(गढ़वाल क्षे
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 248(
दूरभाषः 0135–2769745, 2769755, 27619
कार्यालयः 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767:
ई–मेल cgrfgz@gmail.co

परिवाद सं0 63/2024

श्रीमती संगीता पत्नी राहुल दास
निवासी– शांति नगर (नागाघेर)
रानीपोखरी ग्रान्ट, देहरादून।

परिवादी

बनाम

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड (डोईवाला)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
देहरादून।

विपक्षी

कोरम
श्री त्रिभुवन सिंह — न्यायिक सदस्य
श्री दीपक फरस्वाण — उपभोक्ता सदस्य

दिनांकः 25.02.2025

## निर्णय

प्रस्तुत परिवादी द्वारा उनके विद्युत संयोजन निर्गत कराये जाने के सम्बन्ध में योजित किया गया है।

परिवादिनी का कथन है कि प्रार्थीनी जन्म से रानीपोखरी ग्रान्ट (शांतिनगर) उत्तराखण्ड की निवासी है, पहले हम लोग कच्ची झोपडी बना कर अपना गुजर–बसर कर रहे थे, हमने कई वर्ष पहले अपना पक्का घर बना लिया है। मुझे अपने मकान में बिजली कनेक्शन की आवश्यकता पड़ रही है परन्तु मेरे पास जमीन सम्बन्धित कोई भी दस्तावेज न होने के कारण मेरा बिजली का कनेक्शन नहीं हो पा रहा है, जो कि मेरा सुखाधिकार भी है जबकि आस--पास लोगों का सभी का विद्युत कनेक्शन हो रखे है।

अतः आपसे नम्र निवेदन है कि प्रार्थीनी की सभी उपरोक्त बातों को अपने संज्ञान में लेते हुए विद्युत कनेक्शन के अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।

उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 488, दिनांकित 04/09/2024 से मंच को अवगत कराया है कि ग्राम प्रधान रानीपोखरी, श्री सुधीर रतूड़ी द्वारा उप–जिलाधिकारी ऋषिकेश को अपने पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि रानीपोखरी ग्रान्ट के अन्तर्गत शांतिनगर अवैध कब्जों में विद्युत संयोजन निर्गत ना करने हेतु अवगत कराया गया है कि जिसमें राजस्व विभाग की आख्यानुसार अवैध कब्जों में बिना स्वीकृति के विद्युत संयोजन निर्गत ना किये जाये।

**मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया।** पत्रावली पर उपलब्ध परिवादी शिकायती पत्र से स्पष्ट है कि उनके द्वारा विपक्षी के कार्यालय में विद्युत संयोजन हेतु आवेदन किया गया था, परन्तु विपक्षी द्वारा यह कहकर उनके आवेदन को निरस्त कर दिया गया कि ग्राम प्रधान रानीपोखरी, श्री सुधीर रतूड़ी द्वारा उप–जिलाधिकारी ऋषिकेश को अपने पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि रानीपोखरी ग्रान्ट के अन्तर्गत शांतिनगर अवैध कब्जों में विद्युत संयोजन निर्गत ना करने हेतु अवगत कराया गया है कि जिसमें राजस्व विभाग की आख्यानुसार अवैध कब्जों में बिना स्वीकृति के विद्युत संयोजन निर्गत ना किये जाये।

यहा पर यह भी उल्लेख करना आवश्यक है कि माननीय :– **Uttarakhand Electricity Regulatory Commission Notification October 29,2020 UERC (The Electricity Supply Code, Release of New Connections and Related Matters) Regulations, 2020 Chapter 3 Release of New Connections 3.3.2 Application for new LT Connection 4(a)(i)** में आयोग द्वारा स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि Provided further that where the applicant is unable to submit the documents mentioned at a) to e) above and abjective has been raised on the premises by District

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मं
(गढ़वाल क्षे
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 2480
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 27619
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767
ई–मेल cgrfgz@gmail.con

Magistrate/Government Authorities/ Government under whose jurisdiction premises falls, the Licensee shall not grant new conncetion to such Applicant.

विपक्षी द्वारा माननीय् आयोग के उपरोक्त विनियम के आलोक में संबंधित परिसर को लेकर किसी भी प्रकार की आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गई है। हालांकि विपक्षी द्वारा अपनी आख्या के साथ राजस्व निरीक्षक की आख्या संलग्न की गई है, जो कि विशेष रूप से वाद से संबंधित परिसर को लेकर नहीं है। अतः यह माननीय् UERC के विनियम पर प्रभावी नहीं है।

परिवादी द्वारा मंच के संज्ञान में यह भी लाया गया है कि उक्त भूमि पर उसके नाम से उत्तराखण्ड जल संस्थान द्वारा पानी का संयोजन जारी किया गया है, जिसका उपभोग वह कई वर्षों से कर रही है।

प्रस्तुत प्रकरण में परिवादी द्वारा अपने नाम से उक्त भूमि पर (श्रीमती संगीता देवी / श्री राहुल दास) के नाम से जारी उत्तराखण्ड जल संस्थान की रसीद प्रस्तुत की गई जिससे यह स्पष्ट है कि परिवादी उक्त परिसर पर वर्तमान में कब्जेधारी है।

अतः उपरोक्त परिस्थितियों उपरान्त मंच का मत है विपक्षी परिवादी को उनके आवेदन के क्रम में माननीय् **Uttarakhand Electricity Regulatory Commission Notification October 29,2020 UERC (The Electricity Supply Code, Release of New Connections and Related Matters) Regulations, 2020 Chapter 3 Release of New Connections 3.3.2 Application for new LT Connection 4(a)(i)** में स्पष्ट उल्लेख है:– **Provided that in case the Applicant is unable to submit any of the document listed at a)to e) above, then the Applicant shall be**

**charged thrice the amount of security as per Table 3.6 of Clause (11) of Sub-regulation 3.3.3. The owner of the premises, if different from the applicant, shall not be liable for payment oa any dues against such connection.** के तहत् विद्युत संयोजन जारी किया जाना न्यायोचित होगा।

## आदेश

मंच द्वारा विपक्षी को आदेशित किया जाता है कि मान्नीय **Uttarakhand Electricity Regulatory Commission Notification October 29,2020 UERC (The Electricity Supply Code, Release of New Connections and Related Matters) Regulations, 2020 Chapter 3 Release of New Connections 3.3.2 Application for new LT Connection** 4(a)(i) में स्पष्ट उल्लेख है:– **Provided that in case the Applicant is unable to submit any of the document listed at a)to e) above, then the Applicant shall be charged thrice the amount of security as per Table 3.6 of Clause (11) of Sub-regulation 3.3.3. The owner of the premises, if different from the applicant, shall not be liable for payment oa any dues against such connection.** के तहत् विद्युत संयोजन जारी करे। विपक्षी आदेश की अनुपालन आख्या आदेश प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर मंच में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का वाद

वय/प्रतिकर प्राप्त नही करेंगे। इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80, बसंत विहार, देहरादून में अपील कर सकता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

25/02/2025
(दीपक फरस्वाण)
उपभोक्ता सदस्य

25-02-2025
(त्रिभुवन सिंह)
न्यायिक सदस्य

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail - cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रे
देहरादून – 24800
दूरभाषः 0135–2769745, 2769755, 276195
कार्यालयः 0135–2763672–75 फैक्स–0135–276739
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

परिवाद सं0 68 / 2024

हिमांशु मौर्य
निवासी– नया गांव, अजबपुर कलां
देहरादून। 　　　　परिवादी

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड (केन्द्रीय)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
देहरादून। 　　　　विपक्षी

कोरम 　　　　दिनांकः 25.02.2025
श्री त्रिभुवन सिंह 　　　　न्यायिक सदस्य
श्री दीपक फरस्वाण 　　　　उपभोक्ता सदस्य

## निर्णय

प्रस्तुत परिवादी द्वारा उनके अत्यधिक विद्युत बिल संशोधित किये जाने के सम्बन्ध में योजित किया गया है। परिवादी का कथन है कि जनवरी माह 2024 में हमने बिजली का नया कनेक्शन लिया उस समय जो मीटर लगाया गया वह मीटर खराब था जिसकी जानकारी मीटर लगाने वाले कर्मचारी को थी। उस समय उनके द्वारा कहा गया कि इस समय मीटर की कमी है, इसे हम 10.15 दिनों में बदल देगें। लेकिन समय बीत जाने के बाद भी मीटर बदला नहीं गया तो आशंका होने पर हमने 1912 हेल्पलाइन नम्बर पर मार्च माह में शिकायत की उसके बाद 15 मई 2024 को मीटर बदला गया जो बिल हमें आई0डी0एफ0 में दिया गया वह हमारी खपत से बहुत अधिक था, इसकी शिकायत करने के लिये हम सब–डिवीजन कार्यालय आराघर में गये वहॉ पर हमारी नहीं सुनी गई। जिसके कारण

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

हमने सी0ए0 हेल्पलाईन पर शिकायत दर्ज की, तभी भी कोई सुधार नहीं किया गया। अतः महोदय आपसे निवेदन है कि आप हमारे सही मीटर की खपत के अनुसार बिल संशोधन करें।

उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 2259, दिनांकित 19/10/2024 से मंच को अवगत कराया है कि परिवादी श्री हिमांशु मौर्य, नया गॉव अजबपुर कलॉ, देहरादून के संयोजन संख्या CD67166263788 दिनांक 08.01.2024 को निर्गत किया गया था,उक्त संयोजन पर लगा मीटर संख्या 9544791 खराब होने के कारण नया मीटर संख्या 9575372 दिनांक 15.05.2024 को लगाया गया है। पुराने मीटर का क... consumption न होने के कारण दिनांक 08.01.2024 से 15.05.2024 तक का बिल विभागीय नियमानुसार Normative 150 KWH/KW/Month के आधार पर बिल निर्गत किया गया है।

मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया एंव पत्रावली का अवलोकन किया गया, पत्रावली पर उपलब्ध परिवादी के मूल शिकायती पत्र से स्पष्ट है कि परिवादी द्वारा जनवरी 2024 में नये विद्युत संयोजन हेतु आवेदन किया था, जिसके क्रम में विपक्षी द्वारा परिवादी को दिनांक 08.01.2024 को खराब मीटर संख्या 9544791 द्वारा संयोजन अवमुक्त किया गया। विद्युत मापक स्थापित करने वाले कर्मचारियों द्वारा परिवादी को अवगत कराया गया कि इस समय मीटर की कमी है, इसे हम 10–15 दिनों में बदल देंगे लेकिन उक्त खराब विद्युत मीटर नहीं बदला गया जिसकी शिकायत परिवादी द्वारा हेल्पलाईन नंबर 1912 पर मार्च माह में दर्ज करायी, बावजूद इसके उक्त खराब विद्युत मापक 15.05.2024 को नहीं बदला गया, जिस कारण परिवादी को उनकी वास्तविक खपत के आधार पर विद्युत बिल जारी नहीं किये गये।

उपरोक्त के क्रम में मंच द्वारा पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेखों का अवलोकन करने पर मंच के संज्ञान में आया कि AVON METERS PVT. LTD. द्वारा जारी एम0आर0आई0 रिपोर्ट दिनांक 17.12.2023 से स्पष्ट है कि उक्त मापक में

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रे
देहरादून – 24800
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 276195
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–276739
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

तकनीकि खराबी के कारण BATTER STATUS- NOT OK है, बावजूद इसके विपक्षी द्वारा दिनांक 08.01.2024 को जानबूझ कर खराब विद्युत मापक द्वारा संयोजन अवमुक्त किया गया जिसका उल्लेख परिवादी द्वारा अपनी मूल शिकायत में किया गया है, उक्त एम0आर0आई0 रिपोर्ट से परिवादी के कथन को बल मिलता है।

विपक्षी द्वारा परिवादी को नया विद्युत संयोजन खराब विद्युत मापक से जारी किया जाना उनकी अपने कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही दर्शाता है।

यहा पर मान्नीय **UERC** के उक्त विनियम का उल्लेख किया जाना अति आवश्यक है:– **Uttarakhand Electricity Regulatory Commission Notification October 29,2020 UERC (The Electricity Supply Code, Release of New Connections and Related Matters) Regulations, 2020 Chapter 5 Metering And Billing 5.1 Metering 5.1.1(1)** में माननीय् आयोग द्वारा स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि किसी भी नयें संयोजन की स्थापना बिना सर्विसिंग मीटर के नहीं की जाएगी, परंतु विपक्षी द्वारा उक्त प्रकरण में खराब मापक द्वारा ही संयोजन अवमुक्त किया है, जिससे यह समझा जाये कि उक्त संयोजन बिना विद्युत मापक के जारी किया गया है, जो कि माननीय् **UERC** के विनियामों का उल्लघन है, जिसें मंच स्वीाकर नहीं कर सकता है, ऐसी दशा में विपक्षी द्वारा परिवादी को जारी बिल अवधि 08.01.2024 से मीटर बदले जाने की तिथि 15.05.2024 के जारी सभी बिल निरस्त कर एवं दिनांक 15.05.2024 नये मापक स्थापित किये जाने के उपरान्त सभी विद्युत बिल उक्त मापक की वास्तविक खपत के आधार पर समय–समय पर जारी टैरिफ के अनुसार संशोधित बिल जारी किया जाना तर्कसंगत होगा।

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाषः 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालयः 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

## आदेश

मंच द्वारा विपक्षी को आदेशित किया जाता है कि विपक्षी द्वारा परिवादी को जारी बिल अवधि 08.01.2024 से मीटर बदले जाने की तिथि 15.05.2024 के जारी सभी बिल निरस्त करें एवं दिनांक 15.05.2024 से नये मापक स्थापित किये जाने के उपरान्त जारी विद्युत बिल उक्त मापक की वास्तविक खपत के आधार पर समय–समय पर जारी टैरिफ के अनुसार संशोधित करें। इस प्रकार संशोधित विद्युत बिलों पर किसी भी प्रकार का सरचार्ज देय नहीं होगा। मंच द्वारा विपक्षी को यह भी आदेशित किया जाता है कि आदेश की अनुपालन आख्या आदेश प्राप्ती के 30 दिनों के अंर्तगत मंच में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे। उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का वाद व्यय/प्रतिकर प्राप्त नही करेंगे। **इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80, बसंत विहार, देहरादून में अपील कर सकता है।** पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

25/02/2025 25.02.2025

(दीपक फरस्वाण)
उपभोक्ता सदस्य

(त्रिभुवन सिंह)
न्यायिक सदस्य

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाषः 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालयः 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

परिवाद सं0 76/2024

श्री नुप्पाराम
निवासी– ग्राम–डाण्डा, देसऊ
कालसी, देहरादून।

परिवादी

बनाम

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड (विकासनगर
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
देहरादून।

विपक्षी

कोरम
श्री त्रिभुवन सिंह
श्री दीपक फरस्वाण

दिनांकः 11.02..2025
न्यायिक सदस्य
उपभोक्ता सदस्य

## निर्णय

प्रस्तुत परिवादी द्वारा उनके अत्यधिक विद्युत बिल संशोधित किये जाने के सम्बन्ध में योजित किया गया है। परिवादी का कथन है कि यू0पी0सी0एल0, उपखण्ड डाकपत्थर तथा खण्ड विकासनगर द्वारा उपभोक्ता को उचित रूप से मीटर रीडिंग तथा मीटर सीलिंग होने के पश्चात् भी उपभोक्ता को आई0डी0एफ0 के माध्यम से बिल जारी कर उपभोक्ता से बिल जमा करवाये गये तथा विभाग के लगभग 02 वर्ष के समय अन्तराल तक दिनांक 30.11.20 से 15.01.2023 तक जो बिल जारी किये गये, अनुचित रूप से जारी किए गए जिन्हें उपभोक्ता के समयानुसार जमा किये जा चुके है। शिकायत करने पर विभाग द्वारा संतोषजनक कार्यवाही न करना विभाग की लापरवाही को नजर अंदाज करना दर्शाता है, जो कि राशि स्वंय उपभोक्ता से वसुला जा रहा है, विभाग द्वारा की गई लापरवाही निन्न बिन्दुवार है–

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली र
देहरादून – 24800
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 276195
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–27673
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

1. बिन्दु संख्या 1 – मीटर एवं मीटर सम्बन्धित निम्न शिकायतें–

(क) मीटर कमांक (U-325144) को दिनांक 30.11.20 को विभाग द्वारा लगाया गया था (सील प्रमाण पत्र संलग्न सं0–1), तत्पश्चात् भी विभाग ने बिना कोई सवैधानिक सूचना दिए दिनांक 30.11.20 से 15.01.2023 तक आई0डी0एफ0 के माध्यम से उपभोक्ता को बिल जारी किए गए थे जो कि उपभोक्ता द्वारा जमा किए जा चुके है, (बिल जमा रसीद संलग्न सं0–02)

2. (ख) विभाग द्वारा मीटर सीलिंग करने के पश्चात् आई0डी0एफ0 के माध्यम से जो बिल उपभोक्ता को जिस समयांतराल में जारी किए वह समयानुसार जमा किए जा चुके थे जिसके पश्चात् विभाग ने दिनांक 15.01.2023 से 12.04.2023 (87) दिन का बिल उसी मीटर रीडिंग के अनुसार जारी किया गया है, जिसको विभाग ने आई0डी0एफ0 के माध्यम से बिल जारी कर जमा करवा चुके थे जबकि विभाग ने 30.11.2020 के उपरान्त जारी बिलों में मीटर पठनांक आई0डी0एफ0 धोषित किया जा चुका था,

3. (ग) विभाग द्वारा दिनांक 30.11.20 से दिनांक 15.01.2023 की रीडिंग का सम्पूर्ण बिल पुनः मीटर रीडिंग धोषित कर जारी कर विभिन्न माध्यमों से जमा करने को डिमाण्ड नोटिस से वसूले जाने को उपभोक्ता को कहा गया, जबकि उपभोक्ता ने उस अन्तराल में जारी किये गए बिल जमा किये जा चुके थे, बिल कमांक 38447230412000019, जो कि 87 दिन का बिल जारी किया गया था अमान्य है एवं निरस्त होना चाहिए (प्रति संलग्न सं0–3)

4. (घ) विभाग द्वारा की गयी इस लापरवाही का आर्थिक एवं मानसिक उत्पीडन उपभोक्ता पर डाला गया जो संवैधानिक रूप से अनुचित है एवं सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध लापरवाही के अनुरूप दण्डात्मक कार्यवाही की जाए।

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाषः 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालयः 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

2. बिन्दु संख्या 2 – विद्युत बिलों में गडबडी एवं असवैधानिक रूप से वसूली नोटिस करना–

(क) विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ता को पूर्व में जारी किये गये बिलों को जमा करने के पश्चात् भी डिमाण्ड नोटिस पत्र सं0 71505230143, दिनांक 15.05.2023 को उपभोक्ता को उपखण्ड डाकपत्थर, अधिशासी अभियन्ता (नियत प्राधिकारी) यू0पी0सी0एल0 द्वारा 11.06.2023 तक जमा करने को कहा जाता है, जबकि सम्पूर्ण बिल जमा किये जा चुके थे। (बिल जमा रसीद सं02)

(ख) विभाग को शिकायत करने के पश्चात् विभाग ने इसी कम में दिनांक 23.05.2023 से 07.07.2023 तक 45 दिनों का मीटर यूनिट 3499 का बिल जारी किया जाता है जो कि उपभोक्ता के दैनिक उपभोग की सीमा से अत्यन्त अधिक मीटर यूनिट अंकित कर जारी किया जाता है, गत् महीनों एवं वर्षो से विभाग के उपभोक्ता को आई0डी0एफ0 के माध्यम से औसतम रू0 500–600रू0 का जारी कर जमा किये जा चुके थे। बिल सं0 284472307070001, 45 दिनों का मीटर यूनिट 3499, राशि रू0 33,440 को भी विभाग उसी मीटर यूनिट के अनुसार जारी करता है जिसके बिल उपभोक्ता ने 30.11.2020 के उपरांत आई0डी0एफ0 के माध्यम से जमा किए गए है। (प्रति संलग्न सं0–04)

(ग) विभाग को विभिन्न माध्यमों से शिकायतें करने के पश्चात् भी विभाग के संतोषजनक कार्यवाही न करते हुए विभाग की लापरवाही को नजरअंदाज कर उपभोक्ता की आर्थिक प्रताडना का सामना करना पड रहा है, विभाग को निम्न माध्यमों से समय–समय पर शिकायते की गयी–

(अ) विद्युत वितरण खण्ड विकासनगर (सहायक अभियन्ता) दिनांक 12.06.2023 (प्रति संलग्न सं0 05)

(ब)सी.एम.एच.एल (CMHL)- 062023–2–391043, दिनांक 29.06.2023 (प्रति संलग्न सं0–06)

(स) सी.एम.एस.एल.– 092023–2–442277, दिनांक 13.09.2023, (प्रति संलग्न सं0–07)

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

(द) सी.एम.एस.एल.– 122023–2–482381, दिनांक 02.12.2023, (प्रति संलग्न सं0–08)

3. विद्युत वितरण खण्ड विकासनगर, अधिशासी अभियन्ता (नियत प्राधिकारी) दिनांक 01/03/2024 (प्रति संलग्न सं0–09)

उपरोक्त समस्त शिकायतों का विभाग द्वारा वर्तमान तक संतोषजनक निवारण न करते हुए विभाग उपभोक्ता को असंशोधित बिल जारी करता आ रहा है, जिससे उपभोक्ता को आर्थिक प्रताडना का सामना करना पड रहा है तथा उचित एवं संवैधानिक बिल जमा करने में अडचनें सामने आ रही है। अतः सम्बन्धित अधिकारी द्वारा की गई लापरवाही एवं शिकायतों का उचित निवारण न करते हुए लम्बित रखकर, कार्यवाही करने पर उचित कार्यवाही करे।

उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी सहायक अभियन्ता(रा0) ने आख्या पत्रांक 3813, दिनांकित 25/09/2024 से मंच को अवगत कराया है कि श्री नुप्पाराम ग्राम– देसऊ, कालसी, देहरादून के सम्बन्ध में बिन्दुवार आख्या निम्नानुसार है–

1. परिवादी का विद्युत संयोजन सं0 VN21622123093 दिनांक 06.10.2007 को STN-11 LIFE LINE BELOW POVERTY CONSUMERS श्रेणी में निर्गत किया गया था।
2. परिवादी का खराब विद्युत मीटर सं0 RG9237 दिनांक 30.11.2020 को बदला गया था।
3. परिवादी का विद्युत बीजक दिनांक 30.11.2020 से 23.05.2023 तक रू0 33440.00 से संशोधित कर रू0 28378.00 किया गया।

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

4. उक्त संशोधित बीजक से संतुष्ट न होने पर परिवादी द्वारा दिनांक 17.08.2024 को मीटर तेज चलने के संदेह के आधार पर चैक मीटर स्थापित कराया गया। जिसका दिनांक 02.09.2024 अन्तिमीकरण किया गया। जिसमें मैन मीटर 250 प्रतिशत तेज चलनता पाया गया।
5. परिवादी का 250 प्रतिशत तेज चले मीटर का मा0 विद्युत नियामक आयोग के नियमानुसार निर्धारण कर बीजक रू0 89429.00 से संशोधित कर रू0 76773.00 किया गया।

अतः परिवादी का विद्युत बीजक नियमानुसार संशोधित किये जाने पर परिवाद निरस्त किये जाने योग्य है।

**मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया।** पत्रावली पर उपलब्ध कंज्यूमर हिस्ट्री से स्पष्ट है कि विपक्षी द्वारा परिवादी को बिल चक 08/2010 से 01/2023 अर्थात् 76 बिल चकों (लगभग 13 वर्षो) में एन0ए0/आई0डी0एफ0/एन0आर0 के आधार पर विद्युत बिल जारी किये गये जिस पर परिवादी को आपत्ति है। 04./2023 के उपरांत विपक्षी द्वारा बिना विद्युत मापक बदली किये एम0यू0 के आधार पर विद्युत बिल जारी किये गये। विपक्षी द्वारा एम0यू0 के आधार पर प्रतिमाह (4819, 104, 3499, 282, 528, 1683, 993 एवं 1289) यूनिट के बिल प्रेषित किये गये जो कि STN-11 LIFE LINE BELOW POVERTY CONSUMERS के अनुसार एक प्रकाशित खपत है। उपरोक्त से यह स्पष्ट होता है कि विपक्षी द्वारा खराब मीटर बदलने में लेट लतीफी बर्ती गयी है। यहॉ पर यह उल्लेख करना आवश्यक है कि मान्नीय **Uttarakhand Electricity Regulatory** के विनियम **UERC (The Electricity Supply Code, Release of New Connections and Related Matters) Regulations, 2020** के विनियम **5.1.3** के तहत खराब विद्युत मीटर को बदली जाने की प्रकिया तथा विनियम 5.1.7(1) में त्रुटिपूर्ण/अटके हुए/रूके हुए/जले हुये मीटरों के स्थल पर रहने की अवधि में या चोरी हुय मीटरो की बिलिंग हेतु स्पष्ट उल्लेख किया गया है जो कि निम्वत् है–

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रो
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–276739
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

**5.1.7(1) "The Consumer shall be billed on the basic of the average consumption of the past three billing/cycles immediately preceding the date of the meter being found or being reported defective/stuck/stopped/burnt/stolen. These charges shall be leviable for a maximum period of 2 billing cycle during which time the Licensee is expected to have replaced the defective meter.**

प्रस्तुत प्रकरण में उपलब्ध कंज्यूमर हिस्ट्री से यह संदेह उत्पन्न हो रहा है कि यदि लगभग 13 वर्षो से मीटर खराब होने के स्थिति में आई0डी0एफ के आधार पर बिलिंग की जा रही थी तो 04/2023 में उक्त मापक से एम0यू0 की बिलिंग किस आधार पर की गयी, यदि विद्युत मापक सही था तो विद्युत मापक में आई0डी0एफ0 की बिलिंग क्यों की गयी। विपक्षी मंच के उक्त प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत करने में नाकाम रहा है। उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि विपक्षी द्वारा मान्नीय UERC के उपरोक्त विनियमों का उलंघन किया गया है जिसे मंच स्वीकार नही कर सकता है। अतः इस परिस्थिति में परिवादी को 08/2010 से 01/2023 अर्थात् 76 बिल चक्रों (लगभग 13 वर्षो) तक प्रेषित कुल 76 बिलों में से मान्नीय UERC के उपरोक्त वर्णित विनियमों के अनुसार शुरूवात के सिर्फ दो बिलों की राशि लिया जाना सुनिश्चित करें, शेष सभी 74 विद्युत बिलों को निरस्त किया जाए। निरस्त किये गये सभी बिल ां केवल फिक्स चार्ज लिया जाना तर्कसंगत एवं न्यायोचित होगा।

## आदेश

मंच द्वारा विपक्षी को आदेशित किया जाता है कि उनके द्वारा परिवादी को प्रेषित 08/2010 से 01/2023 अर्थात् 76 बिल चक्रों (लगभग 13 वर्षो) तक प्रेषित कुल 76 बिलों में से मान्नीय UERC के उपरोक्त वर्णित

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

के अनुसार शुरूवात के सिर्फ दो बिलों की राशि लिया जाना सुनिश्चित करें, शेष सभी 74 विद्युत बिलों में केवल फिक्स चार्ज लिया जाना सुनिश्चित करें। विपक्षी को यह भी आदेशित किया जाता है कि 04/2023 से वर्तमान तक के सभी विद्युत बिलों को भी निरस्त करें एवं परिवादी के परिसर पर स्थिति वर्तमान विद्युत मापक को नये विद्युत मापक जो एम0आर0आई पोर्ट युक्त हो से परिवर्तित करना सुनिश्चित करें एवं 04/2023 से वर्तमान तक के बिलों की बिलिंग उक्त नये मापक के औसत खपत के आधार पर संशोधित करें। इस प्रकार संशोधित बीजक पर किसी भी प्रकार का सरचार्ज देय नहीं होगा। मंच द्वारा विपक्षी को यह भी आदेशित किया जाता है कि परिवादी द्वारा दिनांक 08/2010 से बिल संशोधित किये जाने की तिथि तक की अवधि में भुगतान की गयी धनराशि उनके आंगामी विद्युत बिलों में समायोजित करना सुनिश्चित करें। उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का वाद व्यय/प्रतिकर प्राप्त नही करेंगे। मंच द्वारा विपक्षी को आदेशित किया जाता है कि आदेश प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर मंच में अनुपालन आख्या प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। **इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80, बसंत विहार, देहरादून में अपील कर सकता है।** पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

11/02/2025 — 11-02-2025

(दीपक फरस्वाण)
उपभोक्ता सदस्य

(त्रिभुवन सिंह)
न्यायिक सदस्य

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135-2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

परिवाद सं0 78/2024

श्रीमती विमला कनोजिया — परिवादी
निवासी– मकान सं0–168, नयी बस्ती,
मोथरोवाला, देहरादून।

बनाम

अधिशासी अभियन्ता — विपक्षी
विद्युत वितरण खण्ड (दक्षिण)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
देहरादून।

कोरम — दिनांक: 11/02/2025
श्री त्रिभुवन सिंह — न्यायिक सदस्य
श्री दीपक फरस्वाण — उपभोक्ता सदस्य

## निर्णय

The complaint registered the complaint regarding permanent disconnection of the electricity connection.

The Complainant submits and prays as under:-

1. That the complainant is the owner in the possession of property having municipal number 168, Nayi Basti, Mothrowala, Dehradun.
2. That the complainant is a widowed senior citizen woman and mother of three children all of whom are married and live separately from their mother.

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

3. That the complainant lives in a residential property on which there are two electricity connections, one of whose electricity connection is in the name of complainant having connection number SD25732134793 and account number 40107170539 and the other electricity connection in the mane of her youngest son Sumit Kanojiya having connection number SD25732619436 and account number 2200483442.
4. That earlier the complainant's youngest son Sumit Kanojiya lived with her in the premises of the complainant and meanwhile he had also taken an electricity connection in his name for the part of property under his use at that time and it has been a while since the son of complainant has vacated the premises of the complainant.
5. That after her son vacated the said property of the complainant, the complainant went to her sub-divisional office on 24-03-2023 for permanent disconnection of connection in the name of her son has she had no requirement for the same having an active connection in her name already.
6. That on the assurance of the officials of sub-division office as to disconnection, she had also paid Rs. 354.00/- (Rupees Three Hundred and Fifty Four) only, as a charge towards permanent disconnection of the connection in the name of her son, but the same was not disconnected and even after repeated requests the complainant still has to pay the fixed demand charge of Rs.150/- (Rupees One Hundred and Fifty) only per month, hence this complaint.

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाषः 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालयः 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

7. That this Hon'ble forum has the jurisdiction to preside over and adjudicate the matter.

8. That therefore the above complainant humbly seeks the following reliefs:

    a. The electricity connection installed over the property under the ownership of the complainant in the name of her son be ordered to be removed.

    b. Any other relief which this Hon'ble Forum deems just and expedient to pass in favour of the complainant.

उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 602, दिनांकित 28/09/2024 से मंच को अवगत कराया है कि वाद के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि रू0 354/– की रसीद (विद्युत विच्छेदन की रसीद) कटवाने के पश्चात् भी विभाग द्वारा संयोजन संख्या – SD25732619436 को विच्छेदित नहीं किया गया है। वाद के सम्बन्ध में आपको निम्नलिखित तथ्यों से अवगत कराना है:–

1. महोदय, अवगत कराना है कि दिनांक 24.03.2023 को संयोजन संख्या– SD25732619436 को विच्छेदन कराने की रसीद कटवायी गई, जिसके बाद उक्त संयोजन को काट दिया गया।
2. तदोपरान्त श्री सुमित कनौजिया द्वारा उपखण्ड कार्यालय में शिकायत की गई कि इनके द्वारा संयोजन नहीं कटवाया गया है (प्रति संलग्न) एवं साथ ही चौकी इंचार्ज, आई0एस0बी0टी0, देहरादून में उक्त के सम्बन्ध में एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई। (प्रति संलग्न)
3. जिसके पश्चात् संयोजन को पुनः ऊर्जीकृत किया गया।

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाषः 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालयः 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेखों का अवलोकन किया गया जिससे यह स्पष्ट होता है कि परिवादिनी श्रीमती विमला कनौजिया द्वारा अपने पुत्र सुमित कनौजिया के नाम से अवमुक्त संयोजन सं0 SD25732619436 को स्थायी विच्छेदित कराये जाने के संबंध में वाद योजित कराया गया है, जिसके क्रम में मंच द्वारा विपक्षी को आख्या प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके क्रम में विपक्षी द्वारा मंच को अवगत कराया गया है कि श्री सुमित कनौजिया द्वारा उपखण्ड कार्यालय में शिकायत की गई कि इनके द्वारा संयोजन नहीं कटवाया गया है (प्रति संलग्न) एवं साथ ही चौकी इंचार्ज, आई0एस0बी0टी0, देहरादून में उक्त के सम्बन्ध में एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई, जिससे यह स्पष्ट है कि वास्तविक उपभोक्ता अपने संयोजन को विच्छेदित नही कराना चाहता है यहाँ पर यह उल्लेख करना अत्यंत आवश्यक है कि मान्नीय **Uttarakhand Electricity Regulatory** के विनियम **UERC (The Electricity Supply Code, Release of New Connections and Related Matters) Regulations, 2020 ds chapter 6 Disconnection and Release Connection 6.2** में विद्युत कनेक्शन के विच्छेदन संबंधित उल्लेख स्पष्ट है, जिसमें उल्लेख किया गया है कि विद्युत विभाग द्वारा किसी भी उपभोक्ता का कनेक्शन विद्युत बिल का भुगतान न करने अथवा उपभोक्ता के लिखित आवेदन पर ही विच्छेदित किया जा सकता है, भवन स्वामी के इच्छा मात्र किसी अध्यासी के नाम पर जारी किये गये संयोजन को विच्छेदित किये जाने का कोई अधिकार उक्त रेगुलेश्न में विद्युत विभाग को नही दिया गया है। प्रस्तुत प्रकरण में भी उपभोक्ता श्री सुमित कनौजिया संयोजन संख्या– SD25732619436 के द्वारा अपने विद्युत संयोजन को विच्छेदित करने हेतु अपना आवदेन भी विभाग को नही

दिया गया है । इस परिस्थिति में उक्त वाद आगे चलाने का कोई औचित्य नही रह जाता है। अतः वाद खारिज किये जाने योग्य है।

## आदेश

उपरोक्त परिस्थियों उपरांत प्रस्तुत वाद खारित किया जाता है। उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का वाद व्यय/प्रतिकर प्राप्त नही करेंगे। **इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80, बसंत विहार, देहरादून में अपील कर सकता है।** पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

11/02/2025
(दीपक फरस्वाण)
उपभोक्ता सदस्य

11-02-2025
(त्रिभुवन सिंह)
न्यायिक सदस्य

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

परिवाद सं0 79/2024

श्री पूरन सिंह थापा पुत्र डामर बहादुर
निवासी– ग्राम बरोटीवाला
विकासनगर देहरादून। — परिवादी

बनाम

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड (विकासनगर)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
देहरादून। — विपक्षी

कोरम — दिनांक: 22.02.2025
श्री त्रिभुवन सिंह — न्यायिक सदस्य
श्री रजनीश माथुर — तकनीकी सदस्य
श्री दीपक फरस्वाण — उपभोक्ता सदस्य

## निर्णय

The complainant registered the complaint regarding revision of electricity bill.

The Complainant submits and prays as under:-

Current reading on my electricity meter is 1334 KWH but UPCl send me an IDF bill without reading, So it is my humble request to please provide me correct bill as per my reading in the electricity meter.

उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी सहायक अभियन्ता ने आख्या पत्रांक 3847, दिनांकित 28/09/2024 से मंच को अवगत कराया है कि पुरण सिंह थापा पुत्र श्री डामर बहादुर, निवासी– ग्राम– बरोटीवाला, विकासनगर से सम्बन्धित बिन्दुवार आख्या निम्नवत् है–

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

1. परिवादी का विद्युत संयोजन श्री पूरण सिंह थापा पुत्र श्री डामर बहादुर, निवासी– ग्राम बरोटीवाला, विकासनगर के नाम से दिनांक 27.03.2002 को श्रेणी– STN 10/OTHER DOMESTIC LOAD UPTO 04 KW में निर्गत किया गया है। जिसका विद्युत भार– 01 कि0वा0 है।
2. परिवादी द्वारा अपनी शिकायत में मा0 फोरम को अवगत कराया गया है कि उनके परिसर पर स्थापित विद्युत मीटर में 1334 रीडिंग है परन्तु विभाग द्वारा IDF के बीजक प्रेषित किये जा रहे है।
3. सहायक अभियन्ता (मापक) विद्युत परीक्षणशाला, विकासनगर द्वारा दूरभाष पर अवगत कराया गया कि परिवादी का विद्युत मीटर बदल दिया गया है।
4. परिवादी के बदले गये विद्युत मीटर की सीलिंग प्रमाण पत्र प्राप्त होने/सीलिंग की सिस्टम में प्रविष्टि होने के पश्चात् की जायेगी।

उपरोक्त के संदर्भ में अधिशासी अभियन्ता ने आख्या पत्रांक 4906 दिनांकित 04.12.2024 से मंच को अवगत कराया गया है कि श्री पूरण सिंह, पुत्र डामर, ग्राम– बरोटीवाला, विकासनगर द्वारा अपने संयोजन संख्या VN13115032221 का बीजक खराब होने की शिकायत मा0 फोरम के समक्ष की गयी। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उपभोक्ता का आई0डी0एफ0 बीजक रू0 12599.00 से संशोधित कर रूपये 2545.00 मात्र का बना दिया गया है।

**मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया।** विपक्षी द्वारा परिवादी के बिल का संशोधन कर दिया गया है जो कि न्यायोचित प्रतीत होता है।

## आदेश

विपक्षी द्वारा परिवादी के बिल रू0 12599.00 को संशोधित कर रू0 2545.00 मात्र कर दिया गया है, जो कि सही है। संशोधित बीजक पर किसी भी प्रकार का सरचार्ज देय नहीं होगा। विपक्षी द्वारा परिवादी की मूल शिकायत का

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

समाधान कर दिये जाने के फलस्वरूप वाद निस्तारित किया जाता है। उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का वाद व्यय/प्रतिकर प्राप्त नही करेंगे। इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80, बसंत विहार, देहरादून में अपील कर सकता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

22/02/2025 22/02/25 22.02.2025

(दीपक फरस्वाण)
उपभोक्ता सदस्य

(रजनीश माथुर)
तकनीकी सदस्य

(त्रिभुवन सिंह)
न्यायिक सदस्य

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

परिवाद सं0 80 / 2024

मनोज कुमार उपाध्याय
निवासी– ग्रीन व्यू अपार्टमेंट वेलफेयर सोसाईटी
नियर आई0टी0 पार्क, सहस्त्रधारा रोड़,
देहरादून। — परिवादी

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड (रायपुर)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
देहरादून। — विपक्षी

कोरम — दिनांक: 24.02.2025
श्री त्रिभुवन सिंह — न्यायिक सदस्य
श्री दीपक फरस्वाण — उपभोक्ता सदस्य

## निर्णय

The complainant registered the complaint regarding frequent power outages transformer issues.

The Complainant submits and prays as under:-

I am writing on behalf of the residents of Green View apartments, located at Sahastradhara road, Dehradun. Over the past few months, we have been experiencing frequent and prolonged power outages, accompanied by erratic power spikes. These disruptions have been particularly severe and have caused significant inconvenience to all residents, as well as damage to several household appliances, including refrigerators,air conditioners, washing machines, fans and

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

televisions. It has come to our attention that the root cause of these frequent outages could be an issue with the transformer installed at our premises, please note that we have 2 transformer with one as a backup which was recently fully repaired by UPCL. However,despite multiple requests and complaints raised by the society,no permanent solution has been implemented. The malfunctioning transformer and unstable electricity supply have not only led to discomfort but also financial loss due to damaged appliances. We kindly request that you take immediate action to resolve this matter by conducting a thorough inspection of the transformer and replacing or repairing it as required. We also urge you to implement measures to ensure a more stable and reliable power supply to our residential society.

उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने अपनी आख्या पत्रांक 790, दिनांकित 30/09/2024 से मंच को अवगत कराया है कि क्षेत्रीय अवर अभियन्ता श्री दीपक चन्दोला की रिर्पोट के अनुसार स्थल का निरीक्षण कराया गया है कि निरीक्षण के समय अपार्टमेंट की पैनलों में जो न्यूट्रल वायर के कनेक्शन जोकि मीटर के पश्चात् घरों हेतु वायरिंग में जा रहे हैं वह सही ढंग से नही लगे हैं अर्थात् अव्यवस्थित हैं जिसको सही कराना सम्बन्धित अपार्टमेंट की सोसाईटी द्वारा ठीक कराया जाना आवश्यक है। इस सम्बन्ध में अपार्टमेंट द्वारा जो इलेक्ट्रीशियन उपलब्ध कराया गया था उनको बता दिया गया है।

उक्त के कम में उपखण्ड अधिकारी द्वारा अपनी आख्या 957 दिनांक 11.11.2024 के माध्यम से मंच को अवगत कराया गया है कि मनोज कुमार उपाध्याय द्वारा ग्रीन व्यू अपार्टमेंट सहस्त्रधारा रोड, देहरादून में विद्युत आपूर्ति के

lectricity Consumer Grievance Redressal Forum
Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

संबंध में जो शिकायत की गई थी उसके निस्तारण हेतु सबंधित स्थल पर एक 250 के0वी0 ट्रांसफॉमर बदलवा दिया गया है साथ ही उक्त ट्रांसफॉमरों की नयी अर्थिंग कराकर एच0टी0/एल0टी0 लाईन के जम्फरों को बदलकर उपभोक्ता की शिकायत का निवारण करा दिया गया है।

**मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया।** विपक्षी द्वारा परिवादी की मूल शिकायत का समाधान किया जा चुका है। ऐसी परिस्थिति में उक्त वाद आगे चलाने का कोई औचित्य नहीं रह जाता है। अतः वाद निस्तारित किये जाने योग्य है।

## आदेश

विपक्षी द्वारा परिवादी की मूल शिकायत का समाधान कर दिये जाने के फलस्वरूप वाद निस्तारित किया जाता है। उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का वाद व्यय/प्रतिकर प्राप्त नही करेंगे। **इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80, बसंत विहार, देहरादून में अपील कर सकता है।** पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

24/02/2025

(दीपक फरस्वाण)
उपभोक्ता सदस्य

24.02.2025

(त्रिभुवन सिंह)
न्यायिक सदस्य

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रो
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

परिवाद सं0 81 / 2024

श्री जितेन्द्र कुमार
निवासी– ग्राम– अम्बाडी, विकासनगर,
देहरादून।

परिवादी

बनाम

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड (विकासनगर)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
देहरादून।

विपक्षी

कोरम
श्री त्रिभुवन सिंह — न्यायिक सदस्य
श्री दीपक फरस्वाण — उपभोक्ता सदस्य

दिनांक: 11.02.2025

## निर्णय

प्रस्तुत परिवादी द्वारा उनके अत्यधिक विद्युत बिल आने के सम्बन्ध में योजित किया गया है।

परिवादी का कथन है कि प्रार्थी जितेन्द्र कुमार स्व0 श्री राम मिलन, निवासी– ग्राम– अम्बाडी, विकासनगर, देहरादून के घर पर जो विद्युत संयोजन है। विद्युत संयोजन सं0 VN13111011708 जो कि पिता जी स्व0 श्री राम मिलन साहू जी के नाम से है। इस संयोजन के बिल 3–4 साल से 5000, 10000, 12000, तक आ रहा है इससे पहले ये बिल 500 से 700 के बीच आता था। दो–तीन बार प्रार्थी ने कर्ज लेकर 40000, और 45,000 के बिल कर्ज लेकर भर दिये परन्तु अब हमारे बस में कर्ज लेना नहीं है। प्रार्थी की स्थिंति बहुत गरीब घर से है। महोदय जी इस बार कनेक्शन भी कट चुका है। महोदय आपसे निवेदन है कि प्रार्थी के घरेलू कनैशन की विधि अनुसार बिल को कम करने की कृपा करें।

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रो
देहरादून – 24800
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–276739
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

उपरोक्त के सन्दर्भ में विपक्षी सहायक अभियन्ता ने आख्या पत्रांक 3848, दिनांकित 28.09.2024 से मंच को अवगत कराया है कि परिवाद सं0 81/2024 श्री जितेन्द्र कुमार, निवासी – ग्राम अम्बाडी, विकासनगर से सम्बन्धित बिन्दुवार आख्या निम्नवत् है–

1. परिवादी का विद्युत संयोजन सं0 VN13111011708 श्री राम मिलन साहू पुत्र श्री डामर बहादुर, निवासी– ग्राम– अम्बाडी, विकासनगर के नाम से दिनांक 26.10.1988 को श्रेणी - STN 10/OTHER DOMESTIC LOAD UPTO 04 KW में निर्गत किया गया है। जिसका विद्युत भार–01 कि0वा0 है।
2. परिवादी द्वारा अपनी शिकायत बीजक अधिक आने के सम्बन्ध में है।
3. परिवादी के संयोजन से सम्बन्धित अभिलेखों का अवलोकन करने पर पाया गया कि संयोजन पर वर्तमान में कुल रू0 48714 का विद्युत बकाया है।
4. परिवादी के संयोजन में दिनांक 08.11.2023 को 17552 रीडिंग थी। उक्त दिनांक से वर्तमान तक उनकी विद्युत खपत शून्य है।
5. परिवादी के बीजक में किसी प्रकार की अनियमितता प्रतीत नहीं हो रही है।
6. परिवादी द्वारा अन्तिम बार दिनांक 23.09.2022 को विद्युत बीजक का भुगतान किया गया था।

अतः परिवादी के बीजक में किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं होने तथा विद्युत बकाया होने पर शिकायत निराधा.. है एवं निरस्त किये जाने योग्य है।

